रजिस्ट्री सं० डी-(डी)-73 REGISTERED NO D-(D)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 28] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 10, 1976 (आषाढ 19, 1898)
No. 28] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 10, 1976 (ASADHA 19, 1898)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	449
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1117
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	81
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	933
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	1855
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	2379
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	241
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	5849
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	587
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	47
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1567
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस	111

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	499
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1117
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	81
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	933
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	1855
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	2379
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	241
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	5849
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta ..	587
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners.	47
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1567
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	111

भाग I—खण्ड 1
PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 1 जुलाई 1976

सं० 48-प्रेज०/76—राष्ट्रपति, पश्चिम बंगाल पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री अशोक कुमार राय,
पुलिस उप निरीक्षक,
आसनसोल,
पश्चिम बंगाल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया।

25 अक्तूबर, 1974 की रात्रि को, श्री अशोक कुमार राय के नेतृत्व में एक पुलिस टुकड़ी ने एक अपराधी तथा उसके साथियों को, जिनकी पुलिस को तलाश थी, पकड़ने के लिये ऊषाग्राम के एक मकान पर छापा मारा। अपराधियों ने निकटवर्ती गली में शरण ली और पुलिस टुकड़ी पर बम फेंके। बम द्वारा किये गये हमलों की परवाह न करते हुए श्री राय अपराधियों को पकड़ने के लिये आगे बढ़े। परन्तु श्री राय पर एक और बम फेंका गया जिसके फलस्वरूप उनके शरीर पर चोटें आईं। तब श्री राय ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से गोली चलाई और अपराधी को घायल कर दिया। इस पर अपराधी ने श्री राय पर एक खंजर से हमला कर दिया। श्री राय अपराधी से भिड़ गये और अन्त में उसे एक साबुत बम व छुरे के साथ गिरफ्तार कर लिया।

इस प्रकार श्री अशोक कुमार राय ने उत्कृष्ट साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमवली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनाक 25 अक्तूबर, 1974 से दिया जायेगा।

सं० 49-प्रेज/76—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं।:—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री वेद प्रकाश,
पुलिस उप निरीक्षक,
थाना अधिकारी,
थाना संघना,
जिला सीतापुर, उत्तर प्रदेश।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

3 सितम्बर, 1971 को जिला सीतापुर के इनायतपुर गांव में कुछ कुख्यात डाकुओं की उपस्थिति के बारे में सूचना मिली। पुलिस उप निरीक्षक श्री वेद प्रकाश के नेतृत्व में एक पुलिस दल डाकुओं को पकड़ने के लिए भेजा गया। पुलिस दल जब उस मकान में प्रवेश करने का प्रयत्न कर रहा था जहां डाकू ठहरे थे, तो उन्हें पुलिस की उपस्थिति का संदेह हो गया और वे गोली चलाते हुए मकान के अंदरुणी भाग में चले गए। फिर भी, पुलिस ने एक डाकू को गिरफ्तार कर लिया। दो डाकुओं को छिपते देख कर श्री वेद प्रकाश मकान की छत पर चढ़ गये तथा उस कमरे की छत में सुराख कर लिया जहां डाकू छिपे थे। इस सुराख से गोलियां चलाई गई। जिससे डाकू बौखला गए और वे अन्धाधुन्ध गोली चलाते हुए कमरे से बाहर निकले। उत्कृष्ट साहस तथा सूझबूझ का परिचय देते हुए श्री वेद प्रकाश डाकुओं पर काबू पाने के लिये छत से आंगन में कूद पड़े। गोली बारी की झड़प में दोनों डाकू मारे गये।

इस मुठभेड़ में श्री वेद प्रकाश ने अनुकरणीय साहस, नेतृत्व तथा उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनाक 3 सितम्बर, 1971 से दिया जाएगा।

सं० 50-प्रेज०/76—राष्ट्रपति पूर्वी रेलवे के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं।—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री देवराज सोरेन,
रक्षक संख्या 1947,
सी० एण्ड टी० ई० कम्पनी, पूर्वी रेलवे।
आसनसोल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया।

22 जून 1975 को रक्षक देवराज सोरेन की रक्षक परमा सिंह के साथ अन्दाल से राम पुरहाट जाने वाली रेलगाड़ी की

सुरक्षा के लिए तैनात किया गया। अन्दाज से रेलगाड़ी बाद दोपहर 3 बजकर 15 मिनट पर चली। लेकिन थोडी ही देर में कुछ बदमाशों द्वारा होज पाईप के अलग कर दिये जाने तथा वैक्यूम गिरा देने के कारण गाड़ी रोकनी पडी। जब रेलगाड़ी रुक गयी तो रक्षक देवराज सोरेन और परमा सिंह नीचे उतरे और कोयले से लदे रेल के डिब्बों की ओर दौडे। उन्होंने रेल के दोनों तरफ 10-15 बदमाशों को देखा जो डिब्बे में से कोयला निकालने की कोशिश कर रहे थे और उन्हें ललकारा। और अपराधियों के दल ने रक्षकों पर हमला कर दिया और रक्षक देवराज सोरेन से बन्दूक छीनने का प्रयास किया। हाथापाई में अपराधी रक्षक देवराज सोरेन की जांघ पर बन्दूक का घोड़ा दबाने तथा गोली से उनको घायल करने में सफल हो गये परन्तु घायल होने के बावजूद वे बहादुरी से लड़ते रहे और हमलावरों द्वारा हथियार छीनने का प्रयास विफल कर दिया और साथ ही उनमें से एक को मार गिराया।

इस प्रकार श्री देवराज सोरेन ने अनुकरणीय साहस तथा कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 22 जून, 1975 से दिया जाएगा।

सं० 51-प्रेज०/76—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद
श्री सुखदेव सिंह,
उप-निरीक्षक सं० 69/पी० आर०
पंजाब। (स्थानापन्न)

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया।

21 सितम्बर, 1973 को दो दुराचारी 9 वर्ष की एक लड़की को फुसला कर ले गये तथा उसके साथ बलात्कार करने के बाद गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी। जबकि पुलिस जांच चल रही थी, उनमें से एक का पिता दो अन्य बदमाशों के साथ 1/2 अक्तूबर, 1973 की रात को एक कार में मृतक लड़की के मकान पर गया तथा लड़की के रिश्तेदारों को आतंकित करने के उद्देश्य से अपने मकान पर गोली चलानी शुरू कर दी। सूचना मिलने पर उप निरीक्षक सुखदेव सिंह पुलिस दल के साथ घटना स्थल पर पहुचे। उन्होंने बदमाशों को चेतावनी दी तथा उन्हें आत्म समर्पण करने के लिये कहा। चेतावनी की उपेक्षा करते हुए बदमाशों ने पुलिस दल पर गोली चलाई। बदमाशों हथियारों से पूरी तरह लैस थे किन्तु श्री सुखदेव सिंह अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए रेंगकर आगे बढ़े तथा कार के पीछे जाकर उन्होंने मोर्चा सम्भाला। उप-निरीक्षक को अपनी ओर आते देखकर दुराचारी के पिता ने उन पर गोली चलाई। उप निरीक्षक ने भी जवाब में दो गोलियां चलाई जिससे उसे वहीं मार गिराया। वह एक कुख्यात व्यक्ति था जिसकी पुलिस को 1954 से तलाश थी।

इस प्रकार श्री सुखदेव सिंह ने अनुकरणीय साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 अक्तूबर, 1973 से दिया जायेगा।

कृ० बालचन्द्रन्, राष्ट्रपति के सचिव

योजना मंत्रालय

सांख्यिकी विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 22 जून 1976

सं० बी० 11012/1/70-एन० एस० एस०-II (खण्ड-II)—सांख्यिकी विभाग की दिनांक 5 मई, 1972 की अधिसूचना सं० बी-11012/1/70-एन० एस० एस०-II में आंशिक सुधार करते हुए एवं दिनांक 22 जून 1974 की समसंख्यक अधिसूचना का अधिक्रमण करते हुए निम्नलिखित व्यक्तियों को 1 जुलाई, 1976 से 30 जून, 1978 तक की अवधि के लिए, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के कार्यकलाप का नियमन करने के लिए शासी परिषद् का सदस्य नियुक्त किया जाता है :—

1. डा० वाई० के० अलघ, सलाहकार, भावी योजना, योजना आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली-110001।
2. श्री वी० वी० दिवातिया, सांख्यिकीय सलाहकार, रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली-110001।
3. डा० के० बी० एल० भार्गव, निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, मध्य प्रदेश सरकार, भोपाल-462001।
4. श्री जे० एन० शर्मा, निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, असम सरकार, गोहाटी-781003।
5. डा० टी० एन० श्रीनिवासन, अनुसंधान प्रोफेसर, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, 7, एस० जे० एस० सनसनवाल मार्ग, नई दिल्ली-110057।
6. डा० जे० राय, अनुसंधान प्रोफेसर, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, 203, बी० टी० रोड़, कलकत्ता-700035।
7. डा० आई० एस० गुलाटी, विकास अध्ययन केन्द्र, प्रशान्त हिल, आसकुलम रोड़, वेल्लोर, त्रिवेन्द्रम-595011।
8. डा० राज कृष्ण, कृषि-आर्थिक अनुसंधान केन्द्र, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007।

आर० एन० सक्सेना,
उप सचिव

पेट्रोलियम मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 22 जून 1976

संकल्प

सं० पी०-20012/1/76-पी० पी० डी०—रिजर्व बैंक आफ इंडिया, बम्बई के डैपुटी गवर्नर, डा० के० एस० कृष्णास्वामी की अध्यक्षता में सरकार द्वारा 16 मार्च 1974 के संकल्प द्वारा

स्थापित तेल मूल्य समिति (जिसको इसके पश्चात् ओ० पी० सी० कहा गया है) ने पेट्रोल, हाई स्पीड डीजल तेल, मिट्टी का तेल और लाइट डीजल तेल की बिक्री पर डीलरो के कमीशन के बारे मे दिसम्बर 1975 में एक अन्तरिम रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। भारत सरकार ने इस रिपोर्ट पर विचार कर लिया है और ओ० पी० सी० द्वारा की गई सिफारिशों पर सरकार मे अपना निर्णय निम्न प्रकार दिया है :—

2. पैट्रोल और हाई स्पीड डीजल तेल पर डीलर का कमीशन

2.1 ओ० पी० सी० ने सिफारिश की थी कि खुदरा डीलरो के कमीशन की दरों को मूल्य के आधार पर निर्धारित नही किया जाना चाहए अपितु रुपए प्रति किलो लिटर के रूप में स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए। डीलर का कमीशन इस प्रकार निर्धारित किया जाना चाहिए ताकि उससे डीलरो को उचित लाभ प्राप्त हो। ओ० पी० सी० का यह विचार था कि सभी फुटकर पम्पों के लिए, उनकी बिक्री-स्तर पर ध्यान दिए बिना कमीशन की एक समान दर निर्धारित करना कम क्षमता वाले बिक्री केन्द्रों के हित के लिए हानिकारक होगा और साथ ही अधिक क्षमता वाले बिक्री केन्द्रों को अपेक्षाकृत अधिक लाभदायक होगा। अत: समिति ने नकद बिक्री को ध्यान में रखते हुए विभिन्न बिक्री स्तर के केन्द्रों के लिए कमीशन के घटने-बढ़ने वाले दर की निम्न प्रकार सिफारिश की थी :—

वार्षिक बिक्री	रुपए प्रति कि० लि०	
पेट्रोल/एच० एस० डी० की एक साथ बिक्री	पेट्रोल	एच०एम०डी
360 किलो लिटर तक	80	50
361 से 720 लिटर तक	35	15
721 किलो लिटर और उससे अधिक	25	10

2.2 एक निश्चित स्थान के सभी फुटकर पम्पों पर (विभिन्न बिक्री के) दोनो उत्पादो के बिक्री मूल्यों में समानता को सुनिश्चित करने के लिए ओ० पी० सी० ने पेट्रोल के लिए 65/- रुपए प्रति किलो लिटर और एच० एस० डी० के लिए 40/- रुपए प्रति किलो लिटर के एक समान कुल कमीशन की सिफारिश की है जबकि 1954/55 से इन उत्पादों के लिए क्रमश: 41 80 रुपए और 17.60 रुपए प्रति किलो लिटर का कमीशन दिया जाता था।

2.3 उपरोक्त घटने-बढ़ने वाली दरों के अनुसार प्रत्येक फुटकर पम्प के डीलर को उसके अधिकृत कमीशन का वितरण करने के लिए तेल कम्पनियो को सक्षम बनाने हेतु ओ० पी० सी० ने सुझाव दिया था कि पेट्रोल के लिए 65/- रुपए प्रति किलो लिटर के कमीशन को दो भागों में बांटा जा सकता है अर्थात् 42/- रुपए प्रति किलो लिटर डीलर का कमीशन और 23/- रुपए किलो लिटर फुटकर पम्प अधिभार। इसी प्रकार एच० एस० डी० ओ० पर प्रति किलो लिटर 40/- रुपए के कुल कमीशन को 20/- प्रति किलो लिटर डीलर की कमीशन और 20/- रुपए प्रति किलो लिटर फुटकर पम्प अधिभार के रूप मे विभक्त किया जा सकता है इनमें से पेट्रोल के लिए 23/- रुपए और एच० एम० डी० ओ० के लिए 20/- रुपए प्रति किलो लिटर के फुटकर पम्प अधिभार को पहले तेल कम्पनियों के डिपो पर एम० एस/एच० डी० ओ० के शुद्ध मूल्य में शामिल किया जाएगा और इस प्रकार तेल कम्पनियों द्वारा जमा राशि को अलग निधि में रखा जायेगा। दूसरा भाग, अर्थात् पेट्रोल के लिए प्रतिकिलो लिटर 42/- रुपए और एच० एस० डी० ओ० के लिए प्रति किलो लिटर 20/- रुपए को तब डीलरों द्वारा शामिल किया जाएगा और अन्तिम उपभोक्ता से एकत्र करके अपने पास रखा जाएगा। प्रत्येक माह के अन्त में पिछले माह (महीनों) के दौरान की गई सप्लाई के आधार पर डीलर की निश्चित हकदारी और उपरोक्त पैरा 2.1 में बताए गए घटते-बढ़ते दरों की गणना की जायेगी और डीलर द्वारा रखी गई राशि के अनुसार उसको देय राशि उसे दी जाएगी अथवा उससे ली जाएगी जैसा भी आवश्यक हो तथा उपरोक्त निधि से उसका समायोजन किया जाएगा।

सरकार ने इन सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है।

3. पेट्रोल तथा हाई स्पीड डीजल पर कमीशन दरों मे संशोधन के साथ फुटकर डीलरों द्वारा लिए जाने वाले सेवा प्रभार को समाप्त कर दिया जाए। अत: सामान्य रूप में उपभोक्ता से लिए जाने वाले अन्तिम मूल्य में कोई वृद्धि नही होनी चाहिए। तेल मूल्य समिति ने सिफारिश की है कि पेट्रोल तथा हाई स्पीड डीजल के बिक्री मूल्य के आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत नियंत्रित हों।

चूंकि पेट्रोल तथा हाइ स्पीड डीजल की पर्याप्त मात्रा में सप्लाई राष्ट्रीयकृत तेल कम्पनियों के माध्यम से की जाती है तथा मूल्य पर नियन्त्रण निरीक्षण, सप्लाई में कटौती डीलरशिप को रद्द करने आदि जैसे प्रशासनिक उपायों द्वारा लागू किया जा सकता है। स्थिति का पुनरीक्षण कुछ समय बाद किया जा सकेगा। इस बीच राज्य सरकार के प्राधिकारियों, संघशासित क्षेत्रों के प्रशासनों तथा तेल कम्पनियों को इस बात के लिए निर्देश जारी किए जा रहे है कि मूल्य में वृद्धि को रोकने के लिए वे निरन्तर पूर्ण निगरानी रखें।

सरकार के निर्णयों के सख्ती से अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित तेल कम्पनी की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी फुटकर बिक्रेता किसी अन्य फुटकर बिक्रेता के साथ उत्पादों को न तो बेच सकेगा अथवा न खरीद सकेगा अथवा न अदल-बदल कर सकेगा। सही आंकड़े रखने के लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक फुटकर पम्प के सम्बन्ध में फुटकर डीलर तेल कम्पनियों से पेट्रोल/हाई स्पीड डीजल की प्राप्ति एवं उनकी बिक्री के वार्षिक विवरण सम्बंधित अधिकारियों को अलग-अलग प्रस्तुत करें।

सरकार अपेक्षा करती है कि अब से सेवाओं की सीमा (काम करने के घण्टों सहित) को बनाए रखा जाय तथा फुटकर डीलरों द्वारा हवा एवं पानी शौचालय सुविधा,

सीमित प्रारम्भिक चिकित्सा सेवा, पेय जल तथा विंड स्क्रीन को साफ करने आदि जैसी सेवाओं की निःशुल्क व्यवस्था जारी रखी जाए।

4. तेल मूल्य समिति ने निम्नलिखित सिफारिशें भी की है :—

(I) तेल उद्योग को डीलरों के परामर्श से लाइसेंस शुल्क वसूली का निरीक्षण करना चाहिए और लाइसेंस शुल्कों का विनिश्चयन करने के लिए मार्ग दर्शक सिद्धान्तों का विकास किया जाना चाहिए। इस बीच विद्यमान डीलरों के लिए लाइसेंस शुल्कों का कानूनी वसूली और प्रभारों में संशोधन करने के कार्य को छोड़कर कम से कम दो वर्षों की अवधि (अर्थात् दिसम्बर 1977 के अन्त तक) के लिए विद्यमान स्तर पर ही रोक लगा दी जानी चाहिए।

(II) सिक्यूरिटी डिपोजिट के मामले में तेल कम्पनियां में कोई समानता नहीं है। ल्यूब बे के बिना सिक्युरिटी डिपाजिट किसी भी अवस्था में 1000/-रु० प्रति आउट लेट और ल्यूब बे सहित 1500/-रु० प्रति आउट लेट से अधिक नहीं होनी चाहिए। मामलो के अतिरिक्त कोई भी अधिक राशि सार्वजनिक जमा के रूप में समझी जावेगी।

(III) ल्यूब आयल और ग्रीजो की बिक्री पर कुल गुंजाईश अधिकता की ओर है और उसे कम किए जाने की जरूरत है। ल्यूब पर 1200/- रु० प्रति किलो लि० और ग्रीजों पर 1500/- रुपए प्रति मैट्रिक टन की कुल गुजाईश पर्याप्त होगी।

(IV) कम हो जाने के भत्ते के बारे में कुछ तदर्थ वृद्धि पर विचार किया जा सकता है। जब तक तेल समन्वय समिति द्वारा और ब्यौरो का हिसाब-किताब नहीं लगाया जाता है सरकार ने उपर्युक्त सिफारिशों को मान लिया है।

5. एस० के० ओ० और एल० डी० ओ० का० कमीशन

तेल मूल्य समिति ने एस० के० ओ० और एल० डी० ओ० के एजेण्टों/ थोक बिक्रेताओं/फुटकर बिक्रेताओं के लिए कमीशन सुनिश्चित करने के लिए कुछ सिद्धान्तों और अधिकतम सीमाओं की सिफारिश की है। विभिन्न स्थानों पर उपभोक्ताओं के लिए एस० के० ओ० और एल० डी० ओ० के बिक्री मूल्यों का यथाशीघ्र नियतन करने के वास्ते उनके मार्ग दर्शन हेतु समस्त राज्य सरकार प्राधिकारियो और सघ शासित प्रदेशों के प्रशासनो को निदेश के साथ उन सिद्धांतो और अधिकतम सीमा के सम्बन्धों में सूचना दी जा रही है कि एस० के० ओ० और एल० डी० ओ० के मूल्यो को किसी भी हालत में नही बढ़ाना चाहिए।

6. एम० एस० और एच० एस० डी० ओ० को कमीशन के सम्बन्ध में इसमे निहित निर्णय दिनांक पहली जुलाई, 1976 से लागू होगा और अगले आदेश जारी होने तक लागू रहेगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रतिलिपि समस्त राज्य सरकारों, सघ शासित प्रशासनों, लोक सभा और राज्य सभा सचिवालयों और भारत सरकार के सम्बन्धित मंत्रालयों और विभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि जन सामान्य की सूचना के लिए इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

एम० रामास्वामी
संयुक्त सचिव

उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 21 मई, 1976

संकल्प

विषय:—कयर उद्योग की समस्याओं का अध्ययन करने हेतु एक उच्च स्तरीय अध्ययन दल की स्थापना।

सं० 25(30)/75-सी० एण्ड एस०—उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग के भारत सरकार के 5 अप्रैल, 1976 के संकल्प संख्या 25 (30)/75-सी० एण्ड एस० में आंशिक संशोधन करते हुए, भारत सरकार ने श्री जे० अलेक्जेण्डर, अध्यक्ष, कयर बोर्ड के अध्ययन दल के सदस्य सचिव के स्थान पर श्री जे० अलैक्जेण्डर, अध्यक्ष, कयर बोर्ड, कोचीन को सदस्य के रूप में तथा श्री वी० आनन्द, उप सचिव, उद्योग तथा नागरिक पूर्ति मत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) को सदस्य-सचिव नियुक्त करने का निश्चय किया है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि सामान्य सूचना तथा सभी को सूचित करने हेतु संकल्प को भारत के राजपत्र मे प्रकाशित किया जाए।

दिनांक 10 जून 1976

सं० 25(30)/75-सी० एण्ड एस०—उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) के भारत सरकार के 5 अप्रैल, 1976 के संकल्प संख्या 25(30)/75-सी० एण्ड एस० में आंशिक संशोधन करते हुए भारत सरकार श्री जे० अलेक्जेण्डर अध्यक्ष, कयर बोर्ड के अध्ययन दल के सदस्य-सचिव के स्थान पर श्री जे० अलेक्जेण्डर, अध्यक्ष, कयर बोर्ड, कोचीन को सदस्य के रूप में तथा श्री वी० आनन्द, उप सचिव, उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) को सदस्य सचिव के रूप में नियुक्त कर चुकी है।

भारत सरकार ने कर्नाटक तथा तमिलनाडु राज्य सरकारों के निम्नलिखित प्रतिनिधियों को शामिल करके कयर उद्योग के अध्ययन दल की सदस्यता और बढाने का भी निश्चय किया है :—

1. श्री के० एस० एन० मूर्ति, सदस्य
आयुक्त तथा सचिव (उद्योग) कर्नाटक सरकार।

2. तमिलनाडु सरकार का प्रतिनिधित्व

आदेश

आदेश दिया जाता है कि सामान्य सूचना तथा सभी संबंधितों को सूचित करने हेतु संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

वी० आनन्द,
उप सचिव

नागरिक पूर्ति और सहकारिता विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 25 मई, 1976

सं० ओ० 17011/1/75-जी०ओ०पी०—अधिसूचना सं० ओ० 17011/2/73-जी० ओ० पी०, तारीख 28 नवम्बर, 1974 के साथ पठित अधिसूचना सं० ओ० 17011/2/73-जी० ओ० पी० तारीख 16 मार्च, 1974, को, जो कि भारत के राजपत्र, भाग I खण्ड 1, तारीख 27 मार्च, 1974, और तारीख 5 दिसम्बर, 1974, में प्रकाशित हुई थीं, निम्नलिखित मात्रा तक उपांतरित/प्रवर्धित किया जाता है, जो कि इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होगी ।

2. किसी थोक या केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी सोसाइटी को या उपभोक्ता सहकारी सोसाइटियों के राज्य परिसंघ को या राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता परिसंघ को प्रतिभूत अग्रिमधनों की बाबत करारों के अतिरिक्त, भारत सरकार, किसी शिखर/जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955, के अधीन गठित भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959, में यथापरिभाषित समनुषंगी बैंक तथा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अन्तरण) अधिनियम, 1970, के अधीन गठित किसी तत्समान नए बैंक के साथ, उनके द्वारा निम्नलिखित संस्थानों की भी दिये जाने वाले प्रतिभूति अग्रिमधनों की बाबत, करार करने पर विचार करेगी :—

(क) उपभोक्ता वस्तुओं के कारबार में लगे हुए सभी राज्य स्तर सहकारी परिसंघों की, इस बात को विचार में लाए बिना कि वे राज्य स्तर उपभोक्ता सहकारी परिसंघों या विपणन सहकारी परिसंघों या जनजाति सहकारी परिसंघों के रूप में अथवा किसी भी अन्य नाम से रजिस्ट्रीकृत हैं ; परन्तु इस प्रत्याभूति स्कीम के अन्तर्गत उनकी व्याप्ति, केवल उपभोक्ता वस्तुओं के वितरण के लिए उनकी कामकाज पूंजी अपेक्षाओं तक निर्बन्धित होगी ।

(ख) उपभोक्ता वस्तुओं के वितरण में खुदरा कारबार में लगी हुई सभी सहकारी संस्थाओं का, जो किसी भी नाम से रजिस्ट्रीकृत हों, और जिनका विक्रय आवर्त कम से कम 50 लाख रुपये प्रति वर्ष है, तथा सहकारिता की दृष्टि से अल्पविकसित राज्यों में ऐसी संस्थाओं की दशा में, जिनका न्यूनतम वार्षिक विक्रय आवर्त 25 लाख रुपये है ।

3. केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति, थोक या केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी सोसाइटियों, उपभोक्ता सहकारी सोसाइटियों के राज्य स्तर परिसंघों, राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी परिसंघ और ऊपर पैरा 2(क) और (ख) में वर्णित अन्य सभी संस्थाओं को, ऐसे माल की गिरवी या अडमान के बदले में, जिसके अन्तर्गत बही-ऋण, प्रतिभूतियां, विनिधान और अन्य जंगम संपत्ति भी है, प्रतिभू के लिखित पूर्व अनुमोदन से, 1 अप्रैल, 1979, से पूर्व, विनिर्दिष्ट अवधियों के लिए दिए गए प्रतिभात उधारों और अग्रिमधनों की बाबत ही उपलब्ध होगी । बैंकों को ऐसे उधारों तथा अग्रिमधनों पर केवल 10 प्रतिशत का मार्जिन रखना है । किसी सोसाइटी को किसी ऐसे उधार या अग्रिमधन की बाबत केन्द्रीय सरकार की प्रत्याभूति के अधीन देयता, निम्नलिखित राशियों में से जो भी कम हो, वहां तक सीमित होगी :—

(i) उस तारीख को जिसको करार के निबंधनों के अनुसार मांग की सूचना बैंक द्वारा जारी की जानी है, उस सहकारी सोसाइटी के नाम बैंक की बहियों में वस्तुतः बकाया, सब प्रत्याभूत किए गए उधारों और अग्रिमधनों की रकम का 25 प्रतिशत :

अथवा

(ii) राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता परिसंघ की दशा में 75 लाख रुपये (पचहत्तर लाख रुपये), पैरा 2(क) में वर्णित सहकारी संस्थाओं सहित सभी राज्य स्तर परिसंघों की दशा में 50 लाख रुपये (पचास लाख रुपये), और पैरा 2(ख) में वर्णित सहकारी संस्थाओं सहित अन्य सभी सहकारी संस्थाओं की दशा में 30 लाख रुपये (तीस लाख रुपये), इस बात को विचार में लाए बिना कि उनके कारबार का स्थान महानगरों में है या अन्यत्र ।

4. ऊपर प्रथम पैरा में निर्दिष्ट तारीख 16 मार्च, 1974, और 28 नवम्बर, 1974, की अधिसूचनाओं के सभी निबन्धन और शर्तें, इसमें यथा उपांतरित के सिवाय, पूर्णतया प्रवृत और प्रभावशील रहेंगी ।

ए० दास
संयुक्त सचिव,

कृषि और सिंचाई मंत्रालय

(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 22 जून 1976

संकल्प

सं० 19-11/75-एम० सी० (टी०)—झूम खेती के नियंत्रण का प्रश्न भारत सरकार के विचाराधीन रहा है । झूम खेती जीवन-निर्वाह की एक पद्धति है और यह पूरी तरह से आत्म-भरित अर्थ-व्यवस्था वाले स्थानीय सामुदायिक जीवन के अनुकूल है । कुल आवश्यकता के लिए सामान्य नियम के अनुसार उत्पादन की इस अवस्था की अपेक्षा उन्नत खेती (स्थिर कृषि) बहुत अधिक विशेषज्ञता प्राप्त काम है । विगत में झूम खेती करने वाले आदिवासियों के स्थायी बन्दोबस्त के लिए भूमि ब्साऊ योजनाओं के अन्तर्गत प्रयास किए गए थे । तथापि इन योजनाओं से पर्याप्त परिणाम नहीं निकले हैं ।

झूम खेती की विशेष किस्म की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार ने इन योजनाओं की आयोजना और क्रियान्वयन की समीक्षा करने के लिए एक बोर्ड गठित करने का फैसला किया है ।

इस बोर्ड के सदस्य नीचे लिखे व्यक्ति होंगे ।

1. सचिव (कृषि) कृषि और सिंचाई मंत्रालय	अध्यक्ष
2. वन महानिरीक्षक कृषि विभाग	सदस्य
3. संयुक्त सचिव (भूमि) कृषि और सिंचाई मंत्रालय (कृषि विभाग)	सदस्य
4. आदिवासी कल्याण के इंचार्ज संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय	सदस्य
5. संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग ।	सदस्य
6. संयुक्त सचिव (ए० तथा आर० डी०) योजना आयोग	सदस्य
7. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का प्रतिनिधि	सदस्य
8. सचिव, उत्तर पूर्वी परिषद, शिलांग	सदस्य
9. मेघालय, असम, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, उड़ीसा तथा नागालैण्ड राज्यों के सचिव (कृषि/वन)	सदस्य
10. संयुक्त आयुक्त (एस० सी०-एफ०) कृषि विभाग	सदस्य-सचिव

2. बोर्ड के काम नीचे दिये गए है ।

(1) झूम खेती के बन्दोबस्त के लिए योजनाओं की आयोजना तथा उन्हें तैयार करने के काम की लगातार समीक्षा करना ।

(2) राज्य सरकार की एजेंसियों के जरिए इन योजनाओं के क्रियान्वयन की व्यवस्था करना ।

(3) इन योजनाओं की प्रगति में बाधा डालने वाली प्रशासनिक अड़चनें दूर करना और

(4) यह सुनिश्चित करना कि जिन क्षेत्रों में झूम खेती की जाती है, उन पर यथोचित ध्यान दिया जाए ।

3. बोर्ड की बैठक वर्ष में कम से कम एक बार होगी तथा अध्यक्ष के फैसले के अनुसार इसकी अधिक बैठकें भी हो सकती हैं ।

4. बोर्ड का अध्यक्ष झूम खेती की समस्या से संबंधित किसी भी व्यक्ति का इसकी बैठक में आमंत्रित कर सकता है ।

दिनांक 22 जून, 1976

सं० 19-1175-एस० सी० (टी०)—आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति भारत सरकार के सभी मंत्रालयों । विभागों, प्रधान मंत्री के सचिवालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक, योजना आयोग, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, झूम खेती बोर्ड के सभी सदस्यों, कृषि और सिंचाई मंत्रालय (कृषि विभाग) के अधीन सभी संलग्न और अधीनस्थ कार्यालयों को भेज दी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए ।

एस० के० बनर्जी
संयुक्त सचिव,

नौवहन और परिवहन मंत्रालय

(परिवहन पक्ष)

नई दिल्ली, दिनांक 26 जून 1976

संकल्प

सं०-20-पी०जी०बी० (25)/73-पी०टी०—राष्ट्रीय बन्दरगाह बोर्ड के पुर्नगठन के बारे में दिनांक 27 सितम्बर, 1975 के नौवहन और परिवहन मंत्रालय के संकल्प संख्या 20-पी०जी०बी० (25)/73-पी०टी० में आंशिक संशोधन करते हुए तमिलनाडु के राज्यपाल के सलाहकार श्री आर० वी० सुब्रामणियन अब अपने कार्यालय की शेष अवधि के लिये तमिलनाडु की भूतपूर्व सरकार में निर्माण कार्य मंत्री के स्थान पर तमिलनाडु राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे ।

के० शिवराज
संयुक्त सचिव,

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 1st July 1976

No. 48-Pres./76.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the West Bengal Police :—

NAME AND RANK OF THE OFFICER

Shri Ashok Kumar Roy,
Sub-Inspector of Police,
Asansol, West Bengal.

STATEMENT OF SERVICES FOR WHICH THE DECORATION HAS BEEN AWARDED

